	रुपये
4. विज्ञापन	21,530
5. प्रशासनिक व्यय	1,84,865
	30,07,25,268

Production of Ciprofloxacin and Norflexacin

1928. SHRI RAJNI RANJAN SAHU:
SHRI GOVINDRAM MIRI:

Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether Ciprofloxacin and Norflexacin are being produced in the country;

(b) if so, the names of producers, total production of each drug during the last three years, year-wise along with the production of each producer during each of these years, the value of production of each year of each drug and the rate per Kg. taken each year while working out the value;

(c) the names of ten major formulators of each drug and the price of each strength during 1989-90 and present price; and

(d) whether any of these drugs is under price control, if so, names thereof?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI RAM LAKHAN SINGH YADAV): (a) and (b) Ciprofloxacin and Norfloxacin are being manufactured in the country. The information, to the extent available, of production in the organised sector during the last 3 years in given below:—

	Production (Metric Tonnes)		
	1992-93	1993-94	1994-95
CIPROFLOXACIN			
1. Bio-Evan	—	0.22	1.14
2. Cadila Labs	—	0.14	--
3. Dr. Reddy's Labs	57.34	100.46	123.79
4. Kopran Labs	—	1.87	1.72
5. Neuland Labs	0.04	5.10	26.01
6. Ranbaxy Labs	11.42	15.06	22.47
NORFLOXACIN			
1. Dr. Reddy's Labs	57.00	32.24	45.66
2. Ranbaxy	1.70	4.68	1.10
3. Tamil Nadu Dadha Pharma	0.39	0.13	0.41

(c) and (d) The drugs have been brought under price control for the first time under DPCO '95. The price of formulations of these bulk drugs in various dosage, strengths etc. are therefore not available.

बिहार में भयंकर बाढ़ को नियंत्रित करने हेतु कदम

1929. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बिहार की नदियों में प्रतिवर्ष आने वाली भयंकर बाढ़ को नियंत्रित करने हेतु कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्तरी बिहार की जो नदियां नेपाल से गुजरती हैं, उनको नियंत्रण में रखने हेतु नेपाल सरकार के साथ चल रही बातचीत में क्या प्रगति हुई है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान बिहार सरकार को बाढ़ पर नियंत्रण के लिए दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू): (क) और (ख) बाढ़ नियंत्रण संबंधी योजनाओं के बारे में छानबीन, आयोजना और निष्पादन का उत्तरदायित्व मुख्यतः राज्य सरकार का है। केन्द्र तकनीकी और संवर्द्धन प्रकृति के कार्यों के लिए सहायता देती है। गंगा बाढ़ नियंत्रण बोर्ड ने अपने सचिवालय गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के साथ गंगा की सभी नदी प्रणालियों के बाढ़ प्रबन्ध के लिए विस्तृत वृहद योजनाएं तैयार की हैं और भू-सर्वेक्षण करने के बाद विस्तृत योजनाएं तैयार करने, छानबीन करने और उनका क्रियान्वयन करने के लिए राज्य सरकारों को भेजी हैं।